TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org



जन्मदिन विशेष
04 अगस्त 2026
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
Teachers of Bihar
The Change Makers
आज का सुविचार
शिक्षा ही वह आधार है जिस पर हम
अपने भविष्य का निर्माण करते हैं।
बराक ओबामा
(अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति)
जन्म : 04 अगस्त 1961
राकेश कुमार
www.teachersofbihar.org
/teachersofbihar

# Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 04.08.2026

## अर्जित रुचि

अर्जित रुचि वह रुचि है जो व्यक्ति में जन्म से नहीं होती, बल्कि शिक्षा, अनुभव, अभ्यास, वातावरण और सामाजिक प्रभाव के कारण समय के साथ विकसित होती है। सीखने, अनुभव प्राप्त करने या निरंतर अभ्यास के फलस्वरूप विकसित होने वाली रुचि को अर्जित रुचि कहते हैं।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान





मशहूर पर्वतारोही **निर्मल पुर्जा** की पाकिस्तान के कब्जे वाले गिलगित-बाल्टिस्तान में **हिमस्खलन** की चपेट में आने से मौत हो गई। उनके साथ **दस लोगों** की मौत हो गई है।

# Teachers of Bihar

The change makers

## दिवस विशेष

मधु प्रिया

# परमाणु भट्ठी अप्सरा का कार्य प्रारंभ


4 अगस्त

भारत की पहली परमाणु अनुसंधान भट्ठी 'अप्सरा' का कार्य प्रारंभ **4 अगस्त 1956** को हुआ था।

राष्ट्र की सेवा में परमाणु
एईआरबी
AERB
ATOMS IN THE SERVICE OF THE NATION

यह उपलब्धि भारत की **वैज्ञानिक क्षमता, आत्मनिर्भरता** और **उज्ज्वल भविष्य** की दिशा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है।



### अप्सरा की विशेषताएँ

- एशिया की पहली अनुसंधान परमाणु भट्ठी
- कम शक्ति वाली, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण हेतु
- परमाणु विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान में महत्वपूर्ण योगदान
- भारत के परमाणु कार्यक्रम की मजबूत नींव

"ज्ञान, अनुसंधान और नवाचार से ही सशक्त, सुरक्षित और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण होगा।

**विज्ञान से विकास, अनुसंधान से आत्मनिर्भर भारत'**

/teachersofbihar

# TOB खेल कॉर्नर

खेलें – सीखें – आगे बढ़ें

## जूडो

# जुडो और कराते अलग – अलग



- इसकी शुरुआत **1882** में जिगोरो कानो ने की थी।
- इसे **1964** में ओलंपिक में शामिल किया गया।
- जूडो में खिलाड़ी प्रतिद्वंदी की ताकत और संतुलन का इस्तेमाल गिराने के लिए करता है।

जूड़ो में खिलाड़ी प्रतिद्वंदी की ताकत और संतुलन का इस्तेमाल उसी को गिराने के लिए करता है।

इसमें मुक्के और किक का इस्तेमाल नहीं होता है।

## कराते



- इसकी शुरुआत जापान के ओकिनावा द्वीप में हुई।
- यह चीनी मार्शल आर्ट से प्रभावित है।
- गिचिन फुनाकोशी ने **1922** में इसे पूरे जापान में लोकप्रिय बनाया।

इसमें मुक्के, किक और स्ट्राइक से मुकाबला किया जाता है।

**2020** ओलंपिक में पहली बार शामिल हुआ, लेकिन **2024** हटा दिया गया।



# Teachers of Bihar

**The Change Makers**

# 4 अगस्त

## का इतिहास, जन्म और निधन

## 4 अगस्त की महत्वपूर्ण घटनाएँ

- **1914** • इंग्लैंड द्वारा जर्मनी के विरुद्ध युद्ध की घोषणा।
- **1997** • मो. ख़ातमी द्वारा ईरान के नये राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण।
- **1999** • चीन ने अमेरिकी सेना के विमानों की नियमित उड़ानों को हांगकांग में उतरने की अनुमति देने से इंकार किया।
- **2001** • रूस व उत्तरी कोरिया में सामरिक समझौता।
- **2004** • 'नासा' ने एलिक्स सुपर कम्प्यूटर केसी को कल्पना चावना नाम दिया।
- **2007** • मंगल ग्रह की खोज के लिए फ़ीनिक्स मार्स लैंडर नामक एक अमेरिकी अंतरिक्ष यान का प्रक्षेपण किया गया।
- **2008** • सरकार ने भारतीय जहाज़रानी निगम (एससीआई) को नवरत्न का दर्जा प्रदान किया।





## 4 अगस्त को हुए निधन

- **2025** • **शिबु सोरेन** – भारतीय राजनीतिज्ञ थे। वह झारखंड के तीसरे मुख्यमंत्री रहे थे।
- **2020** • **इब्राहिम अल्काज़ी** – भारतीय रंगमंच के प्रसिद्ध निदेशक और नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा के पूर्व निदेशक थे।
- **2006** • **नंदिनी सत्पथी** – उड़ीसा की महिला मुख्यमंत्री तथा लेखिका।
- **1981** • **परशुराम मिश्रा** – भारत के प्रसिद्ध वनस्पतिशास्त्री और शिक्षाविद थे।
- **1937** • **काशी प्रसाद जायसवाल** – भारत के प्रसिद्ध इतिहासकार एवं पुरातत्व के अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विद्वान।



Madhu priya

## 4 अगस्त को जन्मे व्यक्ति

- **1971** • **महेन्द्र भट्ट** – भारतीय जनता पार्टी के राजनीतिज्ञ हैं। 
- **1961** • **बराक ओबामा** – अमेरिका के प्रथम अश्वेत एवं 44वें राष्ट्रपति रहे हैं। 
- **1950** • **एन. रंगास्वामी** – तीन बार पुदुचेरी के मुख्यमंत्री रहे हैं। 
- **1931** • **नरेन तमहाने** – भारतीय क्रिकेटर 
- **1929** • **किशोर कुमार** – भारतीय गायक और अभिनेता 
- **1924** • **इन्दु प्रकाश पाण्डेय** – साहित्यकार। 
- **1906** • **यशवंत सिंह परमार** – भारत के राजनेता और एक स्वतंत्रता-संग्राम सेनानी थे। 
- **1845** • **फ़िरोजशाह मेहता** – भारतीय राजनेता तथा बंबई नगरपालिका के संविधान (चार्टर) के निर्माता। 
- **1730** • **सदाशिवराव भाऊ** – भारतीय इतिहास में प्रसिद्ध एक मराठा वीर थे। 
- **1522 ई.** • **राणा उदयसिंह** – मेवाड़ के शासक और महाराणा प्रताप के पिता। 

## 4 अगस्त के महत्वपूर्ण अवसर एवं उत्सव

WORLD BREASTFEDING WEEK

### विश्व स्तनपान दिवस (सप्ताह)

(1–7 अगस्त)

स्तनपान को बढ़ावा देने और माताओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए।



"इतिहास हमें सिखाता है कि हर दिन कुछ न कुछ नया होता है, आइए जानें, समझें और प्रेरणा लेकर आगे बढ़ें।"

प्रसिद्ध पार्श्वसंगीतकार

# किशोर कुमार

## की जयंती

4 अगस्त
2026



सादर नमन!

हिंदी सिनेमा को अपनी मधुर आवाज, सुरीले गीतों और यादगार धुनों से अमर करने वाले महान गायक, संगीतकार, अभिनेता व निर्माता

**किशोर कुमार जी**

की जयंती पर कोटि-कोटि नमन!

## जीवन परिचय

- जन्म : 4 अगस्त 1929
- जन्म स्थान : खंडवा, मध्य प्रदेश
- मूल नाम : आभाष कुमार गांगुली
- पेशा : गायक, संगीतकार, अभिनेता, निर्माता, गीतकार, पटकथा लेखक
- सक्रिय काल : 1946 – 1987
- निधन : 13 अक्टूबर 1987

उनकी आवाज में मस्ती भी थी, दर्द भी, शरारत भी और भावनाओं की गहराई भी। वो एक आवाज नहीं, एक एहसास थे।

## उनके कुछ अमर गीत

- ★ रूप तेरा मस्ताना (फिल्म : आराधना)
- ★ जिंदगी का सफर (फिल्म : अंदाज)
- ★ कहीं दूर जब दिन ढल जाए (फिल्म : आनंद)
- ★ ये शाम मस्तानी (फिल्म : कटी पतंग)
- ★ मेरे सपनों की रानी (फिल्म : आराधना)
- ★ पल पल दिल के पास (फिल्म : ब्लैकमेल)
- ★ छिंगारी कोई भड़के (फिल्म : अमर प्रेम)
- ★ जाने कहाँ गए वो दिन (फिल्म : मेरा नाम जोकर)

## उपलब्धियां एवं सम्मान

- ★ फ़िल्मफेयर अवॉर्ड (सर्वश्रेष्ठ पार्श्वगायक) – 8 बार
- ★ राष्ट्रीय फ़िल्म पुरस्कार – 1 बार
- ★ दादा साहब फाल्के पुरस्कार – 1989 (मरणोपरांत)
- ★ पद्म भूषण – 1987
- ★ संगीत जगत में अमूल्य योगदान के लिए आज भी उन्हें सदा याद किया जाता है।

“ मैंने ज़िंदगी के साथ भी ज़िंदगी के बग़ैर भी गाया है।
– किशोर कुमार ”

आइए, हम सब मिलकर संगीत के इस महान कलाकार को उनकी जयंती पर

**सादर नमन करें!**

www.teachersofbihar.org ⁂ राकेश कुमार

# आँधी-पानी आवइत हे



आँधी-पानी आवइत है,
चिड़इयाँ ढोल बजावइ है।
बुढ़िया माई हाली-हाली,
गोइठा उठावइत है॥

आँधी पानी आवइत है...



1



एक गोइठा उठ गेल,
चूल्हा भीतर चल गेल।
आँधी पानी आवइत है...

2



दू गोइठा उठ गेल,
धूआँ ऊपर उड़ गेल॥
आँधी पानी आवइत है...

3



तीन गोइठा उठ गेल,
बिलइया छप्पर चढ़ गेल।
आँधी पानी आवइत है...

4



चार गोइठा उठ गेल,
मुन्ना हँसइत दौड़ गेल॥
आँधी पानी आवइत है...

5



पाँच गोइठा उठ गेल,
गइया बथान मुड़ गेल।
आँधी पानी आवइत है...

6



छः गोइठा उठ गेल,
बरखा झमझम पड़ गेल॥
आँधी पानी आवइत है...

7



सात गोइठा उठ गेल,
चिरई डार पर बइठ गेल।
आँधी पानी आवइत है...

8



आठ गोइठा उठ गेल,
लइकन टोली खेल गेल॥
आँधी पानी आवइत है...

9




नौ गोइठा उठ गेल,
माटी सोन्ह महक गेल।
आँधी पानी आवइत है...

10



दस गोइठा उठ गेल,
पूरा अँगना चमक गेल॥
आँधी पानी आवइत है...



आँधी थम-थम रुक गेल,
लइकन टोली हंसइत गेल।
बुढ़िया माई थक के बइठल,
लोरी गावइत सुत गेल॥



राकेश

प्राथमिक विद्यालय बड़की बलियारी, बिक्रम, पटना


ओडिशा की प्रथम महिला मुख्यमंत्री,
प्रख्यात लेखिका और समाजसेवी
नंदिनी सत्पथी
(9 जून 1931 – 4 अगस्त 2006)
की पुण्यतिथि पर उन्हें
भावपूर्ण
श्रद्धांजलि
जून 1972 से दिसंबर 1976 तक ओडिशा की मुख्यमंत्री रहीं।
“आपका सादा जीवन, उच्च विचार और जनसेवा के प्रति समर्पण हमेशा प्रेरणास्रोत बना रहेगा।”
www .teachersofbihar.org
प्रख्यात लेखिका
समाजसेवी
जननेता
Madhu priya
उनकी स्मृति और योगदान को शत्-शत् नमन।

“ इतिहास केवल अतीत का अध्ययन नहीं,
बल्कि वर्तमान को समझने और भविष्य को दिशा देने का साधन है। ”



भारतीय इतिहास लेखन को वैज्ञानिक दृष्टिकोण और शोधपरक आधार देने वाले महान इतिहासकार एवं साहित्यकार।

## भारत के प्रसिद्ध इतिहासकार एवं साहित्यकार

# डॉ. काशी प्रसाद जायसवाल जी

**4 अगस्त 1937**

## की पुण्यतिथि पर
## शत्-शत् नमन्

**जन्म:**
27 नवम्बर, 1881
मिर्जापुर, उत्तर प्रदेश

**मृत्युः**
4 अगस्त, 1937

इनके शोधपूर्ण लेखन और ग्रंथों ने भारतीय इतिहास, प्राचीन भारत की राजनीति, संस्कृति, अर्थव्यवस्था और समाज के अध्ययन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। आपकी कृतियाँ आज भी इतिहास के विद्यार्थियों और शोधकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

www .teachersofbihar.org

Madhu priya